BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 19 मई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# तेलंगाना में टीजी ईएपीसीईटी के परिणाम घोषित




## कृषि और फार्मेसी स्ट्रीम में 89.66 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण
## इंजीनियरिंग स्ट्रीम में 74.98 फीसद विद्यार्थी हुए सफल

**हैदराबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव बुर्रा वेंकटेशम ने शनिवार को इंजीनियरिंग, कृषि और फार्मेसी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (टीजी ईएपी-सीईटी) के परिणाम घोषित किए। तेलंगाना के टीजी ईएपीसीईटी परीक्षा में कुल 3,32,251 छात्रों ने परीक्षा दी थी। इनमें से 91,633 छात्र कृषि और फार्मेसी से और 2,40,618 छात्रों ने इंजीनियरिंग स्ट्रीम से परीक्षा दीं।कृषि और फार्मेसी स्ट्रीम में 89.66 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए जिसमें लड़कियों का उत्तीर्ण दर 90.18 प्रतिशत और लड़कों का 88.25 प्रतिशत रहा। कृषि और फार्मेसी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा देने वाले 91,633 छात्रों में से 82,163 छात्र उत्तीर्ण हुए। इंजीनियरिंग स्ट्रीम में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 74.98 रहा, जिसमें 75.85 प्रतिशत लड़कियां और 74.98 प्रतिशत लड़कों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की। इंजीनियरिंग परीक्षा देने वाले 2,40,618 छात्रों में से 1,80,424 उत्तीर्ण हुए।

इंजीनियरिंग की परीक्षा में शीर्ष 10 स्थान पाने वालों में श्रीकाकुलम के पालकोंडा से ज्योतिरादित्य, कुरनूल के पंचलिं-गलु से हर्षा, सिंकदराबाद के तिरुमलागिरी ऋषि शेखर शुक्ल, हैदराबाद के माधापुर से संदेश, कुरनूल से साई यशवंत रेड्डी, अनंतपुर के आरके नगर से पुट्टी कुशल कुमार, हैदराबाद के पुप्प-लगुडा से हुंडीकर विदित, हैदराबाद के एल्लारेड्डी गुडा से रोहन, वारंगल के घनपुर से



कोन्थेम मनितेजा और विजयनगरम से धनुकोंडा श्रीनिधि शामिल है।

इसी तरह कृषि और फार्मेसी में शीर्ष 10 स्थान पाने वालों में मदनपल्ले से प्रणीता, विजयनगरम से राधाकृष्ण, हनुमकोंडा से श्रीवार्षिणी, चित्तूर से साकेत राघव, हैदराबाद के आसिफनगर से साई विवेक, हैदराबाद के नचाराम से मोहम्मद अजानसद, तिरुपति के वेंगम्बापुरम वडलापुडी मुकेश चौधरी, हैदराबाद के पेटबशीराबाद से भार्गव सुमंत, हैदराबाद के एल्विन कॉलोनी से जयशेट्टी आदित्य और श्री सत्य साईं जिले के बालिजापेट से दिव्य तेजा शामिल हैं।

# तेलंगाना में अगले पांच दिनों धूल भरी आंधी चलने के आसार



**हैदराबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर अगले पांच दिनों के दौरान बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने शनिवार को यह जानकारी दी।

मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में अलग-अलग स्थानों पर अगले सात दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। तेलंगाना में पिछले 24 घंटों के दौरान एक या दो स्थानों पर बारिश हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि शुक्रवार को आदिलाबाद में सबसे अधिक तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# आवासीय अपार्टमेंट प्री-लॉन्च ऑफर घोटाले में तीन गिरफ्तार

**हैदराबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कोमपल्ली इलाके में आवासीय अपार्टमेंट बनाने के झूठे वादे के साथ प्री-लॉन्च ऑफर के बहाने निवेशकों से लगभग 50 से 60 करोड़ रुपए एकत्र करने वाले तीन रीयलटर्स को साइबराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने शनिवार को जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में भारती बिल्डर्स के अध्यक्ष दुपति नागराजू, कंपनी के एमडी मुलपुरी शिवराम कृष्णा और कंपनी के सीईओ थोड्डाकुला नरसिम्हा राव शामिल हैं। उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 406 और 420 और तेलंगाना वित्तीय प्रतिष्ठान जमाकर्ताओं के संरक्षण अधिनियम-1999 की धारा 5 के तहत मामले दर्ज किए गए थे।

पुलिस ने कहा कि कंपनी के अध्यक्ष दुपति नागराजू और एमडी मुलपुरी शिवराम



कृष्णा ने 2021 में भारती बिल्डर्स कंपनी बनाई और कोमपल्ली में 6.23 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया और भारती लेक व्यू के नाम से आवासीय अपार्टमेंट बनाने की योजना बनाई। उन्होंने रंगीन ब्रोशर प्रकाशित करके और उद्यम कोमपल्ली और माधापुर में अपने कार्यालय में बैठकें आयोजित करके 3,200 रुपए प्रति वर्ग की कीमत पर प्री-लॉन्च ऑफर के माध्यम से संभावित खरीदारों से भारी जमा राशि एकत्र की। दोनों ने अधिक खरीदारों को लुभाने के लिए थोड्डाकुला नरसिम्हा राव को कंपनी के सीईओ के रूप में नियुक्त किया, जिसके लिए उन्होंने फ्लैटों की बिक्री पर भारी कमीशन की पेशकश की। हालांकि, अपार्टमेंट बनाने के बजाय उन्होंने पूरी ज़मीन किसी अन्य पार्टी को बेच दी।

साइबराबाद पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बी.वी.एस प्रसाद राव और लगभग 350 अन्य लोगों द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद मामला दर्ज किया। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मामले की जांच डीसीपी के. प्रसाद की देखरेख में इंस्पेक्टर जे. वेंकटेश्वरलू द्वारा की जा रही है।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना के ग्रीष्मकालीन वैदिक शिक्षा शिविर का समापन

**हैदराबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा आयोजित वैदिक शिक्षा ग्रीष्मकालीन शिविर का शनिवार को अंतिम दिन था।

पं. आचार्य पुनीत कुमार जोशी ने बच्चों को विभिन्न वैदिक मंत्रों, विशेष रूप से राष्ट्रीय वैदिक गान और अन्य दैनिक पूजा मंत्रों का पाठ कराया। इस शिविर में लगभग 15 बच्चों ने भाग लिया। ऐसे शिविर के आयोजन से अभिभावक बहुत खुश हुए।

अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने पंडित जी का सम्मान किया और समाज के प्रति उनकी सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। अभिभावकों की मांग पर उन्होंने उन्हें आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसे और शिविर आयोजित किए जाएंगे। पंडित आचार्य पुनीत कुमार जोशी ने जब भी संभव हो अपनी सेव-ाओं का आश्वासन दिया और सभी माता-पिता और बच्चों को अपने जीवन की बेहतरी के लिए रोजाना कुछ बुनियादी अनुष्ठानों का पालन करने की




सलाह दी।

शिविर में गया जी से पं. हरिओम पाठक ने भी भाग लिया और बच्चों को गया जी स्थान के महत्व और उसके इतिहास के बारे में जानकारी दी। उत्तर क्षेत्र के जोन समन्वयक दिनेश अग्रवाल ने पंडित हरिओम जी पाठक का सम्मान किया। वैदिक गणित की शिक्षिका सीनू बंसल ने बच्चों को गणित की समस्याओं को हल करना सिखाया और उन्हें इसके बारे में कुछ युक्तियां भी दीं।

इस अवसर पर संयुक्त सचिव कंचन अग्रवाल ने शीनू बंसल को सम्मानित किया। बंसल से मुलाकात की और बच्चों को जानकारी देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। सभी बच्चों को अध्यक्ष मनीष अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव द्वारा प्रतिभागिता प्रमाण पत्र एवं महाराजा श्री अग्रसेन जी का मोमेंटो दिया गया। सचिव कंचन अग्रवाल ने गिफ्ट हैंपर दिए। सभी के लिए नाश्ते और मिठाइयों की व्यवस्था की गई थी।अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने ऐसे नोबेल विषय पर बच्चों को शिक्षित करने के अद्भुत विचार के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए उमेश अग्रवाल को धन्यवाद दिया। उमेश अग्रवाल ने सहयोग करने वाले सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया और बच्चों से कहा कि जो कुछ भी उन्होंने सीखा है उसका प्रतिदिन अभ्यास करें। इस अवसर पर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सह सचिव कंचन अग्रवाल, जोन कोऑर्डिनेटर दिनेश अग्रवाल, जोन कोऑर्डिनेटर सत प्रकाश बंसल, संयोजक उमेश अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, मोनिश अग्रवाल, अभिजीत अजीतसरिया, सीनू बंसल, रुचि बंसल, मनीषा अजीतसरिया, सुमन बंसल, आचार्य पंडित पुनीत कुमार जोशी, पंडित हरिओम पाठक सहित अनेक अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित थे।

# डॉ. एसपी. सिंह आईएनएसए एसोसिएट फेलो से सम्मानित

**हैदराबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए) देश में युवा वैज्ञानिकों की क्षमता को पहचानती है, और उनकी उत्कृष्टता को प्रेरित करने और विकसित करने के लिए, आईएनएसए आईएनएसए यंग एसोसिएट्स/आईएनएसए एसोसिएट फेलो का चुनाव करती है।वर्ष 2024 के लिए, सीएसआईआर-आईआईसीटी से, डॉ. सूर्य प्रकाश सिंह को प्रतिष्ठित आईएनएसए एसोसिएट फेलो 2024 के लिए चुना गया था। सीएसआईआर-आईआईसीटी में डॉ. सिंह का समूह अनुवाद संबंधी अनुसंधान में लगा हुआ है। उन्होंने आणविक रूप से इंजीनियर किए गए



फोटोसेंसिटाइज़र की एक विशाल विविधता विकसित की और डाई सेंसिटाइज़्ड सोलर सेल, ऑर्गेनिक सोलर सेल और पेरोव्स्काइट सोलर सेल जैसे विभिन्न फोटोनिक उपकरणों में लागू किया। उनका शोध कार्य अंतःविषय है और इससे ऑर्गेनिक केमिस्टों, सामग्री वैज्ञानिकों और डिवाइस इंजीनियरों के साथ काफी सहयोग मिला है। पहली बार, उन्होंने माइटोकॉन्ड्रिया ट्रैकर्स के रूप में फ्लोरोसेंट डाई विकसित की है। यह प्रक्रिया प्रौद्योगिकी एक जापानी कंपनी टीसीआई को हस्तांतरित की गई है। बुनियादी और व्यावहारिक अनुसंधान में उनके योगदान के सम्मान में, उन्हें सीआरएसआई कांस्य पदक 2024, नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, भारत द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी-युवा वैज्ञानिक प्लेटिनम जुबली पुरस्कार, एवीआरए युवा वैज्ञानिक पुरस्कार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया और भारत-अमेरिका द्वारा भास्कर एडवांस्ड सोलर एनर्जी (बेस) फेलोशिप मिला है।

# भाजपा तेलंगाना में कांग्रेस एवं बीआरएस का सशक्त विकल्प बनकर उभरी : किशन

## विधान परिषद उपचुनाव में भाजपा के लिये परिस्थितियां अनुकूल

**यदाद्रि भुवनागिरी, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कहा कि 27 मई को होने वाले वारंगल-नलगोंडा-खम्मम स्नातक एमएलसी उपचुनाव में भाजपा के लिये परिस्थितियां अनुकूल हैं।

श्री रेड्डी ने शनिवार को यादाद्रि बाईपास रोड पर एक निजी होटल में आयोजित तैयारी बैठक में इस बात पर प्रकाश डाला कि भाजपा ने पहले संयुक्त आंध्र प्रदेश में स्नातक चुनाव जीता था।

उन्होंने बल देकर कहा कि





तेलंगाना में मौजूदा परिस्थितियां भाजपा के लिये अनुकूल हैं, जिसमें बुद्धिजीवियों और शिक्षित व्यक्तियों का समर्थन बढ़ रहा है।

श्री रेड्डी ने कांग्रेस की आल-ोचना करते हुये कहा कि तेलंगाना के लोग कांग्रेस के खिलाफ किसी भी चुनाव का फैसला करने के लिये तैयार हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के पास मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान किये गये वादों को लागू करने की शक्ति नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कई विधायक और एमएलसी जो बीआरएस पार्टी का हिस्सा थे, अब इससे जुड़े नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा तेलंगाना में बढ़ते जनसमर्थन के साथ कांग्रेस और बीआरएस दोनों का मजबूत विकल्प बनकर उभरी है। श्री रेड्डी ने सवाल किया कि केसीआर मौजूदा सरकार के प्रति असंतोष जताते हुये कैसे वोट मांग सकते हैं, अगर वह जीतने वाले विधायकों को नहीं बचा सकते। श्री रेड्डी ने भाजपा की संभावनाओं पर भरोसा व्यक्त करते हुये कहा कि हम तेलंगाना में अधिकतम लोकसभा सीटें जीत रहे हैं। उन्होंने बल देकर कहा कि भाजपा आने वाले दिनों

में कांग्रेस द्वारा किये गये वादों को लागू करने के लिये लड़ना जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि स्नातक एमएलसी चुनावों में, केवल उम्मीदवार नहीं बल्कि पार्टियां चुनाव लड़ रही हैं। श्री रेड्डी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से एमएलसी चुनाव में एक साथ काम करने का आह्वान किया और उनसे यह याद रखने का आग्रह किया कि भाजपा ही तेलंगाना का भविष्य है।

# तेलुगु फिल्म निर्माताओं ने सीएम रेवंत से की मुलाकात

## एलबी स्टेडियम में आयोजित डायरेक्टर्स डे समारोह में आने के लिए किया आमंत्रित



**हैदराबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलुगु फिल्म डायरेक्टर्स एसोसिएशन (टीएफडीए) 19 मई, 2024 को निर्देशक दिवस के भव्य उत्सव की तैयारी कर रहा है, राम गोपाल वर्मा, अनिल रविपुडी और हरीश शंकर जैसे प्रसिद्ध फिल्म निर्माताओं ने हैदराबाद में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके आवास पर शुक्रवार को मुलाकात की। तेलुगु फिल्म उद्योग के सदस्यों ने सीएम को डायरेक्टर्स डे मनाने के लिए आयोजित विशेष कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया।

रेवंत रेड्डी से मुलाकात के दौरान तेलुगु फिल्म बिरादरी के सदस्यों ने भी सीएम के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।

यह आयोजन 19 मई को हैदराबाद के एलबी स्टेडियम में होगा। सितारों से सजे इस कार्यक्रम में दिवंगत फिल्म निर्माता दसारी नारायण राव को भारतीय सिनेमा में उनके अपार योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इस विशेष कार्यक्रम में चिरंजीवी, प्रभास और अल्लू अर्जुन जैसे सितारों के शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि प्रभास ने निर्देशक दिवस समारोह के लिए तेलुगु फिल्म डायरेक्टर्स एसोसिएशन को एक बड़ी राशि दान में दी है।उल्लेखनीय है कि दसारी नारायण एक फिल्म निर्देशक, निर्माता, पटकथा लेखक, अभिनेता, गीतकार और राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने हिंदी सिनेमा के अलावा मुख्य रूप से तेलुगु फिल्मों में काम किया। उनके कार्यों में सामाजिक अन्याय, भ्रष्टाचार और लैंगिक भेदभाव पर जोर दिया गया। दसारी नारायण ने 150 तेलुगु फिल्मों का निर्देशन किया और दुनिया भर में सबसे अधिक फिल्मों का निर्देशन करने का लिम्का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 1970 के दशक की शुरुआत में अपनी पहली फिल्म का निर्देशन किया।

उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार, फिल्मफेयर सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते और आंध्र प्रदेश सरकार से सम्मान प्राप्त किया। 30 मई 2017 को 75 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया था।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिए उपलब्ध कराई जाए खेल किट : खुशबू




**आसिफाबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आईटीडीए परियोजना अधिकारी खुशबू गुप्ता ने शनिवार को आदिवासी कल्याण विभाग के तत्वावधान में इस माह की 16 से 31 तारीख तक आयोजित होने वाले ग्रीष्मकालीन खेल शिविर के लिए आसिफाबाद स्थित आदिवासी खेल विद्यालय में खिलाड़ियों को खेल पोशाक और जूते उपलब्ध कराने के लिए उचित निर्देश दिए।

कुछ देर खिलाड़ियों के साथ शतरंज खेलने के बाद डीआईईई टीडब्ल्यू निरंजन को स्पोर्ट्स स्कूल के मैदान का निरीक्षण करने और स्कूल खुलने तक स्पोर्ट्स स्कूल के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जनजातीय खेल अधिकारी बंदा मीना रेड्डी ने कहा कि वर्ष 2023-24 में कोमाराम भीम और मंचिरयाला जिले के आश्रम स्कूल में पढ़ाई के दौरान खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 60 लड़कों और 60 लड़कियों का चयन पहले ही किया जा चुका है।

एसीएमओ उद्दव एटीडीओ क्षेत्रैया, जैनूर एटीडीओ पुरूषोत्तम, कागज नगर एटीडीओ कमर हुसैन, जीसीडीओ शकुंतला, मंचरियाला खेल अधिकारी बांदा जीवनरत्नम, स्पोर्ट्स स्कूल के प्रिंसिपल एन कृष्णराव, एचडब्ल्यूओ, श्रीनिवास, विजयशांति, कोच विद्यासागर अरविंद, तिरुमल पीईटी लक्ष्मण, मंगावती, श्रीनिवास, सुभाष, रविंदर, सुमालता, बॉक्सिंग सचिव शेखर और अन्य ने भाग लिया।



पूर्व विधायक मैनापल्ली हनुमंत राव ने पहाडी श्याम मन्दिर महेन्द्रा हिल्स में श्याम बाबा के दर्शन लाभ प्राप्त किए। अवसर पर स्मृति चिह्न भेंट करते हुए परामर्शदाता अरुण डाकोतिया एवं मुकेश बंसल।

# जिले के विकास के लिए अधिकारी व जन प्रतिनिधि मिलकर काम करें : कोनेरू कृष्ण राव





**आसिफाबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कुमरमभीम आसिफाबाद जिला परिषद के अध्यक्ष कोनेरू कृष्ण राव ने कहा कि जिले के विकास के लिए अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों को समन्वित तरीके से मिलकर काम करना चाहिए ताकि जिले के कल्याण का फल सभी के साथ साझा किया जा सके। कुमरम भीम में एकीकृत कार्यालय भवन परिसर के सम्मेलन कक्ष में जिला परिषद के अध्यक्ष कोनेरू कृष्ण राव की अध्यक्षता में आयोजित जिला प्रजा परिषद की बैठक में जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे सिरपुर, आसिफाबाद के विधायक पलवई हरीश बाबू, कोवालक्ष्मी, जेडपीटीसी, एमपीपी और जिला अधिकारी शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों ने कई मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में सदस्यों ने ध्यान दिलाया कि सड़क एवं भवन विभाग, पंचायत राज विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधीन सड़क एवं भवन निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है, कलेक्टर ने कहा कि समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

सदस्यों ने बैठक का ध्यान इस ओर दिलाया कि सीजन के दौरान किसानों को पर्याप्त कपास के बीज और उर्वरक उपलब्ध कराए जाने चाहिए और कृषि विभाग के अधिकारियों को डीलरों द्वारा नकली बीज बेचने से रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए।

रबी ने कहा कि गर्मी में धान खरीदी में तेजी लाने के लिए किसानों को बिना किसी समस्या के पर्याप्त बारदाना और तिरपाल कवर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि अनाज संग्रहण का लक्ष्य 48 हजार मीट्रिक टन है, लेकिन अब तक मात्र 2 हजार 200 मीट्रिक टन अनाज का ही संग्रहण हो सका है, शेष मीट्रिक टन अनाज का संग्रहण कब होगा, सदस्यों ने बैठक में यह बात ध्यान में लाई कि आसिफाबाद मंडल में दो अतिरिक्त अनाज क्रय केंद्र स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा कि किसानों को परेशानी न हो, इसके लिए कदम उठाए जाएंगे। बैठक में इस बार पर भी चर्चा हुई कि अस्पताल के आसपास निजी एम्बुलेंस को नियंत्रित किया जाए साथ ही मेडिकल कॉलेज में पड़ोस सेव-ाओं के माध्यम से स्थानीय लोगों की भर्ती की जानी चाहिए ताकि जिला केंद्र में जिला अस्पताल में प्रसव हो सके और मरीजों को भर्ती किया जा सके। तुरंत उपचार प्राप्त करें।

जिले में बालू का अवैध परिवहन धड़ल्ले से चल रहा है, लेकिन खनन पदाधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे उन्हें इसकी जानकारी ही नहीं है। उन्होंने कहा कि जब सदस्यों ने सदन का ध्यान इस ओर दिलाया कि चरावनी के माध्यम से शिकायत का कोई जवाब नहीं मिला तो बालू की तस्करी रोकने के लिए कार्रवाई की जायेगी। सदस्य समझते हैं कि अधिकारी मिशन भागीरथ के माध्यम से दूरदराज के गांवों को पानी नहीं मिलने के कारण लीकेज को ठीक करने में लापरवाही कर रहे हैं और कहा कि हर घर में मिशन भागीरथ का पानी पहुंचाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। सदस्यों ने कहा कि पोडू पट्टा की जमीन पर ट्रैक्टर से कृषि कार्य करने पर वन विभाग के अधिकारी खेती करने से रोक रहे हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि इसकी जांच करायी जायेगी और कार्रवाई की जायेगी। बैठक में यह बात ध्यान में लाई गई कि जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे कुछ शिक्षक अनुपस्थित हैं और स्कूल बंद होने के दिन उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। इस बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार, जेडपीटीसी और एमपीपी के जिला अधिकारियों ने भाग लिया।

# पूर्व मंत्री मल्ला रेड्डी की भूमि पर कब्जे के प्रयास से फैला तनाव



**हैदराबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पेटबशीराबाद में शनिवार सुबह हल्का तनाव उत्पन्न हो गया जब कुछ लोगों ने पूर्व मंत्री सी मल्ला रेड्डी की जमीन के एक टुकड़े पर कथित तौर पर अतिक्रमण करने की कोशिश की। स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, कुछ लोगों ने शुक्रवार रात पेटबशीराबाद में एक भूमि पार्सल पर फाइबर बाउंड्री शीट का उपयोग करके बाड़ लगा दी थी। इसकी जानकारी होने पर मल्ला रेड्डी और उनके रिश्तेदार पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय पुलिस के साथ कुछ मिनटों तक बातचीत करने के बाद, मंत्री ने अपने लोगों से बाड़ हटाने को कहा, जिस पर पुलिस ने आपत्ति जताई। मल्ला रेड्डी ने पुलिस से बहस करते हुए कहा कि उपद्रवी तत्व उन्हें मारने के लिए इकट्ठा हुए थे, फिर भी पुलिस इसकी सूचना दिए जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस ने अतिरिक्त बल मौके पर भेजा और स्थिति को नियंत्रित किया।

# सरकार और जनता के बीच सेतु का काम करते हैं पत्रकार : कोवा लक्ष्मी



**आसिफाबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विधायक कोवा लक्ष्मी ने कहा कि पत्रकार सरकार और जनता के बीच सेतु का काम करते हैं। शनिवार को डिस्ट्रिक्ट सेंटर स्थित आरटीसी कॉम्प्लेक्स में आसिफाबाद प्रिंट मीडिया प्रेस क्लब का कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को सरकार और अधिकारियों के ध्यान में लाया जाएगा और वे उन्हें हल करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर विश्वप्रसाद राव, कांग्रेस पार्टी के विधानसभा क्षेत्र प्रभारी श्याम नाइक, सिरपुर विधायक हरीश बाबू, सार्वजनिक संघ के नेता और पत्रकार इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# तेलंगाना कांग्रेस ने मुफ्त बस सुविधाओं पर प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा की

**हैदराबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जी निरंजन ने राज्य में महालक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा प्रदान करने के संबंध में एक राष्ट्रीय चैनल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों और आलोचना की कड़ी निंदा की है।

श्री निरंजन ने शनिवार को यहां गांधी भवन में संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री को तेलंगाना की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने इस दावे के लिए श्री मोदी की आलोचना की कि महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा से मेट्रो रेल यात्रियों में 50 प्रतिशत की कमी आई है और मेट्रो को वित्तीय नुकसान हुआ है। उन्होंने इसे मोदी की जागरुकता की कमी का सबूत बताया।



उन्होंने श्री मोदी पर गरीब विरोधी और अमीरों का पक्ष लेने का आरोप लगाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा पहल मेट्रो संचालित हैदराबाद से आगे पूरे राज्य तक फैली हुई है, जिससे प्रतिदिन लगभग 28.97 लाख महिलाओं को लाभ होता है। इस सुविधा से महिलाओं को जो खुशी और सुविधा मिली है, वह श्री मोदी के रुख के विपरीत है।

श्री निरंजन ने तर्क दिया कि सार्वजनिक धन लोगों के कल्याण के लिए है और सवाल उठाया कि महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा राजकोष के लिए हानिकारक कैसे हो सकती है। उन्होंने श्री मोदी की अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि श्री मोदी यह दावा करके खुद को एक महान व्यक्तित्व के रूप में चित्रित करते हैं कि उन्होंने ईद की पूर्व संध्या पर इज़रायल में बमबारी को रोकने में मदद की और जॉर्डन और फिलिस्तीन में अपने अनुभवों को याद किया।

उन्होंने श्री मोदी पर विदेशों में मुस्लिम देशों के साथ मित्रता करके दोहरे मानदंड प्रदर्शित करने का आरोप लगाया और कहा कि इसके विपरीत वह भारत के भीतर मुसलमानों के प्रति कथित तौर पर शत्रुता का भाव रखते है। इसके अलावा श्री निरंजन ने श्री मोदी के इस दावे की निंदा की कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) सत्ता में आने पर राम मंदिर को तोड़ देंगे, इसे श्री मोदी की मानसिक दिवालियापन का संकेत बताया। उन्होंने श्री मोदी के इस दावे को भी खारिज कर दिया कि कांग्रेस की नजर मंदिरों में सोने और महिलाओं के मंगलसूत्र पर है, जो हास्यास्पद है।

# उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग

# फिर पकड़ा गया एक मुसलमान



## जंगल में आग लगाने वाले आठ मुस्लिम पकड़े जा चुके

## सुप्रीम कोर्ट में दस्तावेजी आंकड़े प्रस्तुत कर बचाई खाल

**नैनीताल, 18 मई (एजेंसियां)।** उत्तराखंड के जंगलों में बाहरी मुसलमानों द्वारा आग लगाई जा रही है। आग लगाने की घटनाओं में अब तक मुस्लिम समुदाय के आठ युवकों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शुक्रवार को गांव चोपड़ा वन पंचायत में मनोरा रेंज के नैनीताल वन प्रभाग के कर्मचारियों ने मोहम्मद इस्लाम नामक युवक को जंगल में आग लगाते रंगे हाथों पकड़ा। इस्लाम को रंगे हाथों गिरफ्तार कराने में सरपंच कमलेश जीना की अहम भूमिका रही। पकड़ा गया बदमाश खुद को बाजपुर, जिला उधम सिंह नगर का रहने वाला बता रहा है। मामले की छानबीन की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मजदूरी करने के नाम पर बाहर से आए मुस्लिम युवक जंगल से वन संपदा की चोरी में भी लिप्त रहते हैं, लेकिन राज्य में यूसीसी लागू होने के बाद बड़े ही सुनियोजित तरीके से उत्त-राखंड के जंगलों में आग लगवाई जा रही है। इसके पीछे कौन सफेदपोश लोग हैं, पुलिस इसका पता लगाने में ढीली है। वन विभाग के लोग इस लिए खामोश रहते हैं क्योंकि चोरी या वन कटान या अग्निकांड की जवाबदेही उनकी बनती है। उल्लेखनीय है कि उत्त-राखंड में जंगल में अवैध रूप से पेड़ों के कटान के मामले सामने आते रहे हैं, जिसमें 25 अधिक वनकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है।

उधर, उत्तराखंड में जंगल की आग मामले में दायर एक याचिका पर हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार को व्यापक दिशा निर्देश दिए। राज्य का प्रतिनिधित्व भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और उत्तराखंड राज्य के डिप्टी एडवोकेट जनरल जतिंदर कुमार सेठी ने किया। केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति का प्रतिनिधित्व परमेश्वर एडवोकेट ने किया। भारत की एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व किया। न्यायालय के निर्देशानुसार, राज्य के मुख्य सचिव के साथ प्रधान मुख्य वन संरक्षक और अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक मौजूद थे। शुरुआत में मुख्य सचिव के कार्यालय द्वारा तैयार की गई एक रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की गई, जिसमें वित्त वर्ष 2023-24 के लिए निधियों के उपयोग का विवरण दिया गया था, जिसमें दिखाया गया था कि संपूर्ण निधि का उपयोग विभिन्न अग्नि रोकथाम और अग्निशमन उपायों के लिए किया गया था। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए, स्वीकृत 10.00 करोड़ रुपए में से 5.25 करोड़ रुपए अग्निशमन उपायों के लिए जारी किए गए। शेष 4.75 करोड़ रुपए अगले फायर सीजन, 2025 से पहले सर्दियों के महीनों में वन अग्नि की रोकथाम और नियंत्रण कार्यों के लिए निर्धारित किए गए हैं।

राज्य ने अदालत को राज्य में वन अग्नि शमन के लिए एसडीएमएफ निधि जारी करने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रयासों को भी दिखाया। आपदा प्रबंधन सचिव ने डीएम को अग्निशमन उपकरणों की आपातकालीन खरीद के लिए प्रति जिले 50 लाख रुपए आवंटित करने और आवश्यकता पड़ने पर एनडीआरएफ/एसडीआरएफ की सहायता लेने के आदेश जारी किए थे। इसके अलावा आग के मौसम के दौरान वाहनों के साथ कर्मियों की तैनाती के लिए अनटाइड फंड का उपयोग किया गया है। यह भी कहा गया कि राज्य में नियमित बैठकें होती थीं और मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव, वन, सचिव, आपदा प्रबंधन और सरकार के सभी विंग जैसे अग्निशमन सेवा, पुलिस, एसडीआरएफ और आपदा क्यूआरटी आदि के निर्देश शामिल होते थे। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) ने वन अग्नि शमन के लिए लाइन विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में आईआरटी का गठन किया।

राज्य ने न्यायालय को यह भी बताया कि वन विभाग में क्षेत्रीय स्तर पर रिक्त पदों को भरने के लिए तत्काल कदम उठाए जा रहे हैं तथा उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) और उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) इस पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। राज्य ने चीड़ की पत्तियों से लगने वाली आग को नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी तथा बताया कि राज्य सरकार ने चीड़ की पत्तियों (पाइन नीडल) और अन्य बायोमास से बिजली उत्पादन के लिए नीति अधिसूचित की है। चीड़ की पत्तियों के संग्रह को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय संग्रहकर्ताओं को 3 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से भुगतान किया जा रहा है तथा इसे पारगमन शुल्क से छूट दी गई है। इसके अलावा चीड़ की पत्तियों को एकत्र कर एनटीपीसी के साथ मिलकर ब्रिकेट/पेलेट बनाने तथा बिजली उत्पादन के लिए इकाइयों को आपूर्ति की जा रही है।

चुनाव ड्यूटी के लिए अधिकारियों की तैनाती के संबंध में यह बताया गया कि वन्यजीव अभ्यारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों से कोई भी क्षेत्रीय अधिकारी तथा वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी चुनाव ड्यूटी में नहीं लगे थे तथा यहां तक कि चुनाव ड्यूटी में लगे वन विभाग के कुछ क्षेत्रीय अधिकारियों ने भी वन अग्नि नियंत्रण गतिविधियों को फिर से शुरू कर दिया था। न्यायालय को वनों में लगने वाली आग को बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को उपलब्ध कराए गए अग्निशमन उपकरणों का विवरण भी दिखाया गया तथा राज्य में 1429 क्रू स्टेशनों की फील्ड क्रू टीमों को 40184 विभिन्न उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा विश्व बैंक द्वारा प्राप्त सहायता के तहत 27151 अग्निशमन उपकरण (फायर प्रॉक्सिमिटी सूट, जूते, हेलमेट, अग्निरोधी दस्ताने, पानी की बोतलें, हेड लाइट, प्राथमिक चिकित्सा किट और जीपीएस) खरीदे जा रहे हैं। राज्य के रेस्पॉन्स से संतुष्ट होकर और उसकी सराहना करते हुए न्यायालय ने सभी पक्षों से एक साथ बैठकर भविष्य के लिए रणनीति बनाने को कहा तथा मामले की सुनवाई सितंबर 2024 तक स्थगित कर दी।

# जम्मू कश्मीर में निर्दलीय प्रत्याशियों को अहमियत नहीं देते मतदाता

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 18 मई।**



अभी तक तत्कालीन जम्मू कश्मीर में होने वाले लोकसभा चुनावों में सिर्फ 6 निर्दलीय प्रत्याशियों को ही जम्मू कश्मीर के मतदाताओं ने सांसद के रूप में चुना है और इस संदर्भ में यह बात नहीं भूली जा सकती कि जिन निर्दलीय प्रत्याशियों को मतदाताओं ने सांसद पद के लिए चुना उन्हें उनके व्यक्तित्व के आधार पर ही चुना गया था। मगर इसमें सबसे आगे बर्फीले रेगिस्तान लद्दाख के मतदाता रहे हैं जिन्होंने चार बार- 2009, 2004, 1989 तथा 1980 में- निर्दलीय प्रत्याशी को जीताया और जम्मू तथा श्रीनगर के मतदाताओं ने एक-एक बार-क्रमशः 1977 तथा 1971 में ही निर्दलीय प्रत्याशी को चुना था। जो प्रत्याशी इन चुनावों में निर्दलीय रूप से विजयी हुए थे वे हैं 1971 में श्रीनगर की सीट से शमीम अहमद शमीम, 1977 में जम्मू की सीट से ठाकुर बलदेव सिंह, 2009, 2004, 1989 तथा 1980 में लद्दाख की सीट से क्रमशः हसन खान, थुप्स्टन छेवांग, मुहम्मद हसन कमांडर और पी नामग्याल हैं। 1996 के पहले के तीन चुनावों को ही अगर पैमाना माने तो करीब 138 निर्दलीय प्रत्याशियों ने राज्य की छह संसदीय सीटों पर अपने भाग्य को आजमाया था और इन तीन चुनावों के दौरान सिर्फ दो को, लद्दाख में, छोड़ सभी अपनी जमानत भी नहीं बचा पाए। मजेदार बात यह है कि इन तीन चुनावों में जितने निर्दलीय प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाने में कूदे थे उस संख्यां की आधी संख्यां से भी अधिक ने 1996 के चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई थी।

आज तक सबसे अधिक निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्यां 1989 के चुनावों में 49 थी। अगर आंकड़ों को देखा जाए तो जैसे जैसे चुनावों की संख्यां बढ़ती गई ठीक उसी प्रकार किस्मत आजमाने वाले निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्यां में भी वृद्धि होती गई। वर्ष 1980 तथा 1984 में क्रमशः 20 तथा 23 निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में रह गए थे।

लेकिन यह बात भी सच है कि अगर निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव न भी जीत पाए हों लेकिन वे तत्कालीन राज्य की चार सीटों पर दूसरे स्थान पर रहते आए हैं। और इस प्रकार का रिकार्ड बनाने में बारामुल्ला संसदीय क्षेत्र सबसे आगे है जहां पिछले सभी चुनावों में सिर्फ 1967 के चुनावों को छोड़ प्रत्येक बार स्वतंत्र प्रत्याशी ही दूसरे स्थान पर रहा है। जबकि अनंतनाग में चार बार, लद्दाख तथा श्रीनगर में दो-दो बार स्वतंत्र प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे लेकिन जम्मू तथा ऊधमपुर के संसदीय क्षेत्रों में ऐसा कभी नहीं हो पाया। जबकि ऊधमपुर के मतदाताओं ने न ही कभी किसी निर्दलीय प्रत्याशी को निर्वाचित किया और न ही कभी इस क्षेत्र में कोई निर्दलीय उम्मीदवार दूसरे स्थान पर आ पाया। मजेदार बात तो यह है कि जिस लद्दाख की संसदीय सीट से लोकसभा चुनावों में चार निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए हैं वहां पर पिछले चार चुनावों में मात्र आठ निर्दलीय प्रत्याशी ही मैदान में उतरे थे जिनमें से चार सांसद बन गए।

# प्रमुख जलाशयों में भंडारण क्षमता का 25% जल ही बचा

### इनमें 20 जल विद्युत परियोजनाएं भी शामिल




**नई दिल्ली, 18 मई (एजेंसियां)।** देश के प्रमुख जलाशयों के जल संग्रहण में गिरावट आई है और वर्तमान में यह कुल भंडारण क्षमता का 25 प्रतिशत ही रह गया है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने अपने साप्ताहिक बुलेटिन में कहा कि वर्तमान में देश के 150 प्रमुख जलाशयों में 45.277 बिलियन क्यूबिक मीटर पानी है। जलाशयों में 20 जल-विद्युत परियोजना शामिल हैं, जिनकी सामूहिक रूप से भंडारण क्षमता 35.299 बीसीएम है। सीडब्ल्यूसी ने 10 से 16 मई के बीच 150 जलाशयों के भंडारण स्तर की जानकारी दी है। पिछले साल की इसी अवधि में भंडारण 57.993 बीसीएम था। वर्तमान भंडारण पिछले साल के स्तर का 78 प्रतिशत है। बुलेटिन के अनुसार, उत्तरी क्षेत्र हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान में 10 जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 19.663 बीसीएम है। वर्तमान में इनमें 5.618 बीसीएम (क्षमता का 29 प्रतिशत) है।

यह पिछले साल के 37 प्रतिशत से कम है। पूर्वी क्षेत्र असम, झारखंड, ओड़ीशा, प. बंगाल, त्रिपुरा, नगालैंड और बिहार में 20.430 बीसीएम की क्षमता वाले 23 जलाशय हैं। इन जलाशयों में वर्तमान में 6.531 बीसीएम (31.97 प्रतिशत) भंडारण है। यह पिछले वर्ष के 28 प्रतिशत से बेहतर है।

# पूर्व राष्ट्रपति ने सपरिवार किया रामलला का दर्शन-पूजन



**अयोध्या, 18 मई (एजेंसियां)।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार देश के विभिन्न प्रदेशों के लोग रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचा रहे हैं। इस क्रम पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को अपने परिवार संग भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन कर भाव विभोर हो गए। उनके स्वागत में मंदिर परिसर सहित पूरे गर्भगृह को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था।

वे कुबेर टीला भी गये, पक्षिराज जटायु की विशाल प्रतिमा को श्रद्धापूर्वक निहारा और नतमस्तक हुए। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद शुक्रवार दोपहर बाद ही परिवारजनों के साथ रामनगरी पहुंच गए थे। जैन मंदिर में अल्प विश्राम के बाद वे सरयू आरती में सम्मिलित हुए। आज प्रातः वे श्रीराम लला के दर्शन को पहुंचे। उनकी अगवानी के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय पहले से मंदिर परिसर में मौजूद थे।

# अमेरिका में तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो सकता है: ट्रम्प

**वाशिंगटन, 18 मई (एजेंसियां)।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आशंका जतायी है कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले देश के अक्षम नेतृत्व के कारण तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता है।

श्री ट्रम्प ने मिनेसोटा राज्य में शुक्रवार को कहा, जिस तरह के मूर्ख लोग इस देश को चला रहे हैं, उससे बहुत से लोग नहीं बचेंगे क्योंकि आज हथियारों की शक्ति बहुत भयंकर है। हम अगले पांच महीनों में तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकते हैं क्योंकि हमारा नेतृत्व अक्षम है। जिस तरह से देश को चलाने वाले लोग है, उससे जाहिर होता है कि देश बहुत जल्दी तीसरे विश्व युद्ध में फंस सकता है।'

श्री ट्रम्प ने कहा कि अगर वह देश के राष्ट्रपति होते तो न तो रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य-पूर्व युद्ध नहीं होता और ना ही महंगाई बढ़ती। उल्लखनीय है वर्ष 2024 का अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव 60वां चुनाव होगा। यह चुनाव पांच नवंबर को होगा। मतदाता चार साल की अवधि के लिए राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य, मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर से चुनाव लड़ रहे हैं और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से श्री ट्रंप लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लडेंगे।




## कार्टून कॉर्नर




## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

**सोना : 76,360/-**
**(प्रति 10 ग्राम)**

**चाँदी : 92,450/-**
**(प्रति किलोग्राम)**

## मौसम हैदराबाद

**अधिकतम : $31^0$**
**न्यूनतम : $24^0$**

दक्षिण मध्य रेलवे

हमें SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

निविदा क्रमांक 02/2024-25/वरिष्ठ डीईई/टीआर/एचवाईबी, दिनांक:16.05.2024 PUB0467

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्यरत सीनियर डीईई/ टीआर/ एचवाईबी निविदा संख्या 02/ 2024-25/सीनियर डीईई/ टीआर/ एचवाईबी दि.: 16.05.2024, अंतिम तिथि: 07.06.2024, 15:00 बजे के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। बोलीदाता केवल बंद होने की तिथि एवं समय तक अपनी मूल/ संशोधित बोलियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसकी उपेक्षा की जाएगी।

**कार्य का विवरण : निविदा सं. 02/2024-25/सीनियर डीईई/ टीआर/ एचवाईबी:** हैदराबाद डिवीजन-गति शक्ति : शादनगर (एसएचएनआर), जडचेरला (जेसीएल), मेडचल (एमईडी), धर्माबाद (डीएबी) और गडवाल (जीडब्ल्यूडी) (5 संख्या स्टेशन) में 12 मीटर चौड़े एफओबीएस के प्रस्तावित निर्माण के लिए ओएचई संशोधन, विद्युत टीआरडी व्यवस्था। **अनुमानित मुल्य :** रु. 71,44,380.50/- **पूधरा :** रु. 1,42,900/- **पूर्ण करने की अवधि:** 6 महीने **बंद होने की तिथि:** 07.06.2024

**वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in**
**सूचना बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा के पूर्ण विवरणों को देखा जा सकता है :** मुख्य कार्यालय सीनियर डीईई-टीआर-एचवाईबी, हैदराबाद भवन, सिकन्दराबाद-500025

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, ट्रैक्शन, हैदराबाद**

**निविदा सूचना क्र. : जी/ई.29/टीआर./ निविदा सूचना/04/2024-25** PUB0468

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/ट्रैक्शन/गुंटकल निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

1. **निविदा संख्या:** जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-06- 2024-25 **कार्य का नाम:** गुंतकल डिवीजन: अमृत भारत स्टेशन योजना-ओएचई संशोधन कार्यों के तहत श्री कालाहस्ती, राजमपेटा, अडोनी और मंत्रालयम स्टेशनों का प्रस्तावित पुनर्विकास। **अनुमानित मूल्य:** रु. 48,95,144/- **पूधरा :** रु. 97,900/-

2. **निविदा संख्या:** जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-07- 2024-25 **कार्य का नाम:** गुंतकल मुद्दनुरु अनुभाग में स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग (एबीएस) झोपड़ियों के लिए एटी आपूर्ति का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य:** रु. 1,93,63,382.06/- **पूधरा :** रु. 2,46,800/- **अंतिम तिथि एवं समय: 10.06.2024 15.00 बजे.**

नोट: 1. **निविदाकर्ताओं द्वारा निविदा दस्तावेज़ www.ireps.gov.in से निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है।**
निविदा बोली लगाने और अन्य विवरण के लिए http://www.ireps.gov.in पर लॉगइन करें। यदि कोई शुद्धिपत्र है तो केवल ऑनलाइन जारी किया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, ट्रैक्शन, गुंतकल**

निविदा संख्या जीटीएल-ईएम-08-2024-25 दिनांक : 16.05.2024 PUB0469

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से कार्य करने वाले वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/रखरखाव/गुंटकल निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

1. **निविदा संख्या:** जीटलएल-ईएम-08-2024-25 **कार्य का नाम:** गुंतकल डिवीजन-(शेड-ए)-पीएक्-डीएमएम-सेक्शन 15 स्टेशनों पर पाइप लाइन व्यवस्था के साथ बोरवेल की प्रस्तावित ड्रिलिंग (डीसीयू, पीएलयू, पीआईएल, केसीआई, वीएलडी, एमपीएल, केबीए, टीएटी, एमसीयू, टीकेयू, केआरवाई, केसीएम, एमजीबी और सीसीआई स्टेशन) पंप शेड के साथ जिसमें एमपीएल स्टेशन पर 1.00 लाख एलआर क्षमता ओएच टैंक का प्रावधान शामिल है। (शेड-बी)- जीटीएल : मौजूदा का प्रतिस्थापन. 25 आरपीएफ महिला आरपीएफ कर्मियों को समायोजित करने के प्रावधान के लिए बैरक जिसमें फर्नीचर, शौचालय आदि शामिल हैं-विद्युत व्यवस्था। **अनुमानित मूल्य:** रु. 34,96,441.20/- **पूधरा :** रु. 69,900/-

**बंद होने की तिथि और समय: 10-06-2024 को 15.00 बजे.**
निविदा बोली लगाने और अन्य विवरण के लिए http://www.ireps.gov.in पर लॉगइन करें। निविदा का शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल ऑनलाइन जारी किया जाएगा।
**नोट:** इस ई-निविदा में भाग लेने/बोली लगाने के लिए, निविदाकर्ता के पास वैध डीएससी (डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र) होना चाहिए।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता, रखरखाव, गुंतकल**

भारतीय रेल
रेलवे विद्युतीकरण
www.ireps.gov.in

निविदा सूचना क्र. आरईएससी/ईएल/ टीएन/24-25/04 दि. : 17.05.2024 PUB0470

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना निदेशक, रेलवे विद्युतीकरण, सिकंदराबाद निम्नलिखित कार्यों के लिए (ऑनलाइन) ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :

**निविदा क्रं** : आरईएससीईएल-एसक्यूजीआर 207-24-25-आरटी08 **कार्य का विवरण:** औरंगाबाद, परभणी और नांदेड़ में एडीईई/टीआरडी कार्यालयों का विद्युतीकरण; औरंगाबाद और नांदेड़ में एडीएसटीई कार्यालय; जालना और नांदेड़ में एसएसई (टेले) कार्यालय; परभणी और सेलु में एसएसई (सिग्नल) कार्यालय और रेलवे विद्युतीकरण परियोजना/सिकंदराबाद के मनमाड मुदखेड खंड (समूह -207) में विभिन्न स्टेशनों पर टाइप-।। की 27 इकाइयों, टाइप- ।।। की 14 इकाइयों और टाइप- 4 कर्मचारी क्वार्टरों की 8 इकाइयों का विद्युतीकरण दक्षिण मध्य रेलवे के नांदेड़ डिवीजन के अंतर्गत। **अनुमानित मूल्य :** रु. 54,67,786 **बयाना ऑनलाइन भुगतान किया जाने वाला पैसा :** रु. 1,09,400/- **टेंडर फॉर्म की कीमत :** शून्य **पूर्ण करने की अवधि:** 4 महीने (चार महीने) **निविदा खोलने का स्थान:** सिकंदराबाद

1. **विवरण:** ई-निविदा के माध्यम से निविदा का समापन (ऑनलाइन) **दिनांक :** 03.06.2024 को **समय:** 15.00 बजे तक
2. **विवरण:** ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलना (ऑनलाइन) **दिनांक:** 03.06.2024 को **समय:** 15.30 बजे तक.

अधिक निविदा शर्तों/विवरणों और निविदाएं जमा करने के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। यदि आवश्यक हुआ तो निविदा दस्तावेजों/शुद्धिपत्र/परिशिष्ट में कोई भी संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।

**मुख्य परियोजना निदेशक, रेलवे विद्युतीकरण, सिकंदराबाद**
A0592

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपाया वेबसाइट : www.ireps.gov.in या http ://www.scr.indianrailways.gov.in देखें

शुभ लाभ — Classifieds — FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Zaeefa Bano spouse of Army No.14667682W HavNazir Ahmed, R/o.PMOSuraj, AOC Centre, AdmBn, Secunderabad have changed my name from **ZAEEFA BANO** to **ZARIFA BEGUM** vide affidavit dt:18-5-2024 before G.Ramchander, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, K.SUNDARI Spouse of Army No.10328153W Hav CHENTHAMARA.K, R/o.SR-305, Seetharam Nagar, Near Shivalayam, Safilguda, Secunderabad-500056 have changed my name from **K.SUNDARI** to **K.SUNDARY** vide affidavit dt:18-5-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Mrs. Kumari Korivi Wife No.15179695 Nayak (GNR) VENKATA SWAMY KORIVI Unit: 29 RR BN, Village: Kondapeta, Giddalur, PO: Giddalur, Dist: Prakasam, A P 523357 As per my Husband Service documents, my name has been mentioned as **KUMARI** which is incorrect. My Correct name is **KUMARI KORIVI**.

शुभ लाभ DAILY

# आंध्र प्रदेश में कार-लॉरी की टक्कर में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

**अनंतपुर, 18 मई (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में शनिवार तड़के एक कार और लॉरी के बीच हुई टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गयी और तीन घायल हो गये।




गूटी सर्कल इंस्पेक्टर वेंकटरामी रेड्डी ने कहा कि जिले में गूटी मंडल के बाहरी इलाके में एनएच 44 पर रानी नगर कॉलोनी के रहने वाले एक परिवार के आठ सदस्य 27 मई को होने वाली युवक सुरूज बाशा (28) की शादी के लिए खरीदारी करने हैदराबाद गए थे। जब वे हैदराबाद से वापस अनंतपुर आ रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में सुरूज सहित चार और लोगों की मौत हो गई।

पुलिस ने कहा, हाईवे पर रॉयल ढाबा होटल के पास उनकी कार एक लॉरी से टकरा गई, जिससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य की गूटी के जीजीएच में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतकों की पहचान अली साहेब (58), शेख सुरूज बाशा , मोहम्मद अयान (06), अमन (04) और रेहेना बेगम (40) के रूप में हुई। जांच में पता चला है कि ड्राइवर नींद में था, जिसके कारण कार लॉरी से टकरा गई। घायलों को जीजीएच में भर्ती कराया गया जहां जाहित और मोहम्मद गौस की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# आंध्र में गोदावरी नदी में डूबे तीन छात्र



**काकीनाडा, 18 मई (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश में काकीनाडा से 75 किलोमीटर दूर रावुलापलेम ब्रिज के पास नहाते समय शनिवार को तीन छात्र गोदावरी नदी में डूब गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गर्मी की छुट्टियां होने के कारण तीनों छात्र पिकनिक मनाने के लिए यहां आए थे और नहाने के लिए नदी में उतरे लेकिन डूब गए।

बाद में सभी शवों को बाहर निकाला गया। मृतकों की पहचान सब्बेला ईश्वर रेड्डी (20), सत्ती संपत रेड्डी (16) और पेंटा जयकुमार (17) के रूप में हुई। ये रावुलापलेम के निवासी थे। पुलिस ने बताया कि इस सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच होने तक शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अमलापुरम के क्षेत्रीय अस्पताल में भेज दिया गया है।

# सीएम जगन और उनका परिवार छुट्टियों के लिए लंदन रवाना



**विजयवाड़ा,18 मई (एजेंसियां)।** चिलचिलाती गर्मी में कड़े चुनाव प्रचार और सिद्धम बैठकों की श्रृंखला के बाद मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी अपने परिवार के साथ शुक्रवार रात विदेश दौरे पर रवाना हुए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीएम जगन सपरिवार यूके दौरे के लिए रवाना हुए। आंध्र प्रदेश विधानसभा और लोकसभा के एक साथ चुनाव संपन्न हुए चार दिन हो गए हैं।

गन्नावरम हवाई अड्डे पर उन्हें मंत्री जोगी रमेश और कोट्टू सत्यनारायण, सांसद नंदीगामा सुरेश, भास्कर रेड्डी, एस. उदयभानु, एमएलसी टी. रघुराम, एम. अरुण कुमार और विधायक एम. विष्णु आदि ने उन्हें विदाई दी। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख अपने परिवार के सदस्यों के साथ 17 मई से 1 जून तक यूके की यात्रा पर हैं। वह 4 जून को मतगणना से तीन दिन पहले 1 जून को आंध्र प्रदेश लौट आएंगे।




# मां तुझे नमन शीर्षक पुस्तक लोकार्पित

**हैदराबाद, 18 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना भाषा व सांस्कृतिक शाखा एवं जालादि रत्न सुधीर प्रकाशन के संयुक्त तत्वावधान में मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में रवींद्र भारती एसी सभागृह में मां तुझे नमन नामक विशिष्ट हिंदी पुस्तक का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। जालादि रत्न सुधीर द्वारा कृत अम्मा चेक्किन शिल्पम् नामक तेलुगु मूल पुस्तक का यह हिंदी अनुवाद है, जिसमें 22 अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त महान व्यक्तियों की प्रेरणास्पद जीवनियां हैं तथा उनकी माताओं को ही उनके महान बनने का श्रेय प्राप्त है।



इस पुस्तक को विख्यात, कवि, लेखक व अनुवादक डॉ. म. लक्ष्मणाचार्य ने हिंदी में अनूदित किया है। समारोह की अध्यक्षता लोकप्रिय कथा लेखक व आकाशवाणी से सेवानिवृत्त सीएस राम बाबू ने की एवं सुप्रसिद्ध कवि एनुगु नरसिम्हा रेड्डी मुख्य अतिथि थे। उन्होंने पुस्तक को लोकार्पित करने के पश्चात अपने संबोधन में कहा कि यह पुस्तक हमाारी युवा पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करेगी। महान जीवनियों से युवाओं को कुछ न कुछ सीख कर जीवन की राह में आगे बढ़ने की शक्ति प्राप्त होगी। उन्होंने इस पुस्तक के सुंदर अनुवाद के लिए डॉ. म. लक्ष्मणाचार्य की प्रशंसा की। समारोह में सुप्रसिद्ध स्थानीय कवि व लेखकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

गोलकोण्डा दर्पण के संपादक व कवि गोविंद अक्षय ने भी इस पुस्तक पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किये और मां विषय पर अपने गीत और ग़ज़लें प्रस्तुत कर श्रोताओं को ख़ूब आनंदित किया। आदि कवि वाल्मीकि साहित्य संस्था के अध्यक्ष दीपक चिंडालिया वाल्मीकि, डॉ. रूप कुमार आदि ने भी ने मां की भूमिका पर अपने विचार, गीत और ग़ज़लें प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी अतिथियों, मुख्य अतिथि और पुस्तक लेखक जालादि रत्न सुधीर का भव्य सम्मान किया गया। जालादि रत्न सुधीर के परिवारजन और उनके मित्रों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.